## सार-समाचार

### हॉकी जालोर के नवीन लोगो का विमोचन

**जालोर**, (कासं)। हॉकी जालोर के नवीन लोगो का विमोचन भामाशाह व उद्यमी लालसिंह राजपुरोहित गोविंदला ने किया। ओलंपिक संघ के सचिव भागीरथ गर्ग ने बताया कि हॉकी जालोर के नये लोगो का विमोचन आज श्री जी रेजीडेंसी में भामाशाह उद्यमी खेल प्रशासक लालसिंह राजपुरोहित गोविंदला , ओलंपिक संघ के महासचिव लालसिंह सांखला क्रीड़ा भारती के कार्याध्यक्ष नाथु सोलंकी हॉकी संघ के सचिव मदनसिंह राठौड , पूर्व जलि शिक्षा आधिकारी प्रभुदान राव,बास्केट बॉल संघ के अध्यक्ष मुकेश राजपुरोहित व पार्षद हीरा देवासी के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर भामाशाह उधमी लालसिंह गोविंदला ने कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और इस खेल को जालोर में बढाने की लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। हॉकी जालोर के नवीन लोगो राष्ट्र सर्वोपरी-हम सब एक हैं की थीम को आधार बनाकर सभी के सहयोग से हॉकी खेल को पुन: जालोर की पहचान बनाने का भागीरथी प्रयास करेंगे । ओलंपिक संघ के महासचिव लालसिंह साँखला ने बताया कि 19 जनवरी 2025 को वतन रिसोर्ट बिशनगढ में हॉकी जालोर कि वार्षिक साधारण सभा एवं चुनाव कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर बैडमिंटन संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह साँखला, शैलेंद्र सिंह सांखला शैलेश लोदी , मंगल सिंह बलोत, ओमप्रकाश गर्ग ,दीपसिंह जोगेश सेन ,युवान सिंह सतीश कुमार हितेश सोलंकी हिम्मत सिंह सोलंकी मनोहर राणा गणपत सिंह मून सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।

### राजस्व विभाग ने अतिक्रमण हटाए

**बाप**, (निसं)। बाप उपखंड क्षेत्र के टेपू पटवार हल्का क्षेत्र में मंगलवार को भी सरकारी भूमि पर हो रखे अतिक्रमण पर पीला पंजा चला। दिनभर चली इस कार्यवाही में ढाई हजार बीघा से अधिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करवाया गया है। सोमवार को 2 हजार बीघा सरकारी भूमि को अति मण से मुक्त करवाई गई थी। टेपू हल्का क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने के बाद खेती की जाती है। वहां के हालात यह है कि 7 से 10 बीघा खातेदारी भूमि पर नलकुप खुदवाने के बाद उक्त किसान अपने खेत से सटी सरकारी भूमि पर अति मण कर 200 से 300 बीघा में खेती करना शुरू कर देते है। राजस्व विभाग की टीम ने भारी पुलिस लवाजमे की मौजुदगी में दूसरे दिन मंगलवार को भी टेपू में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। तहसीलदार अनोपाराम ने बताया कि मंगलवार को टेपू हल्का क्षेत्र में 2500 बीघा से अधिक सरकारी भूमि से अति मण हटाया गया। सरकारी जमीन पर कब्जा काश्त की जा रही है, इसलिए अति मण हटाने के साथ फसलो को भी नष्ट किया गया है। तहसीलदार अनोपाराम ने बताया कि आगामी दिनो में टीम गठित कर फिर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शुरू की जायेगी। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार सहित नायब तहसीलदार शेखासर रामेश्वरलाल, आरआई भोमराज पालीवाल, पटवारी अबदेश मीणा, भगवानसिंह, सोहनराम मौजूद रहे। इसके अलावा शांति, सुरक्षा व कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाप थानाधिकारी सुखाराम विश्नोइ के निर्देशन में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

### कांग्रेस ने अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला

**बाड़मेर**, (कासं)। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी बाडमेर ने मंगलवार को सम्मान मार्च निकाला। उसके उपरांत संगठन जिला प्रभारी एवं पीसीसी महासचिव राजेश चौधरी तथा पूर्व विधायक जोधपुर शहर मनीषा पंवार के नेतृत्व में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें राष्ट्रपति से गृह मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की गई। इस दौरान राज्य की भाजपा सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल को विफल बताया। संगठन जिला प्रभारी राजेश चौधरी ने बताया कि पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी ने बताया कि भाजपा जनता के पैसों का दुरूपयोग कर रही है, उन्हें जन सरोकार से कोई लेना देना नहीं है। बाडमेर- जैसलमेर सांसद उमेदाराम बेनीवाल ने बताया कि गृहमंत्री के बयान के बाद भाजपा को संसद में माफी मांगनी चाहिए, लेकिन भाजपाइयों ने राहुल गांधी पर धक्का-मुक्की कर आमजन की आवाज दबाने की कोशिश की है। सम्मान मार्च के दौरान कार्यकारी जिला अध्यक्ष गोपा राम मेघवाल और पीसीसी सचिव आजाद सिंह राठौड़ ने कहा कि भाजपा माफी मांगे। जिला संगठन महामंत्री मेवाराम सोनी ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के दौरान वर्तमान सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, जिला प्रमुख, जलि परिषद सदस्य, जिला अध्यक्ष व कांग्रेस के जुडे संगठनों के पदाधिकारी, सदस्य एवं स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जन्म कल्याण महोत्सव शुरू

**जोधपुर**, (कासं) । श्री अवंति पार्श्वनाथ जैन मंदिर, खेरादियों का बास में 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याण महोत्सव के उपलक्ष में कार्यक्रम शुरू हुए । ट्रस्ट मंडल अध्यक्ष पारस पोरवाल ने बताया कि प्रभु के जन्म कल्याण महोत्सव के उपलक्ष में मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी से सजाया गया हैं एवं 25 दिसम्बर को राजेन्द्र मित्र महिला मंडल द्वारा भजनों व संगीत सहित प्रभु का पंचकल्याणक पूजन का पठन किया जाएगा। पूजन से पूर्व 46 वर्ष पूर्व स्थापित मंदिर व उसमें विराजित प्रभु पार्श्वनाथ, सुमतिनाथ एवं गुरूदेव श्री राजेन्द्र सूरीश्वर की प्रतिमाओं की फूलों से सजावट की गई हैं। प्रभु को चांदी की आंगी पहना कर आरती के साथ पूजन का समापन होगा। श्री राजेन्द्र मित्र मंडल के महावीर बागरेचा व अंकित मेहता ने बताया कि इस आयोजन में शामिल होने वाले सभी सदस्यों को मंडल द्वारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। मंडल सदस्य सुरेश भंडारी व माणक चंडालिया ने बताया कि शाम को प्रभु पार्श्वनाथ की भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें महिला व मित्र मंडल के सदस्यों द्वारा भजनों की प्रस्तुति की जायेगी। मित्र मंडल सदस्य हेमंत मोहनोत व अंकित मेहता के अनुसार भक्ति संध्या में उपस्थित होने वाले सभी श्रद्धालुओं को प्रभावना वितरित की जायेगी।

### अनिता चौधरी हत्या की फिर से जांच

**जोधपुर**, (कासं) । शहर में ब्यूटिशियन अनिता चौधरी हत्याकांड में सीबीआई जांच अब तक शुरू नहीं हो पाई है। हत्याकांड में पकड़े गए मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन के अलावा कोई इसमें अब तक गिरफ्तार नहीं हो पाया है। अनिता चौधरी के पति और पुत्र के साथ समाज के लोगों ने मामले में सीबीआई जांच की मांग रखी थी। जोकि राज्य सरकार ने स्वीकार कर ली थी, मगर अब तक वह जांच शुरू नहीं हो पाई। अनिता चौधरी के पति और पुत्र ने अभी दो दिन पहले फिर से नागौर सांसद एवं आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनिवाल से मुलाकात की थी। पुलिस अधिकारियों पर अब तक कार्रवाई नहीं होने को लेकर भी अपनी बात रखी थी। पुलिस ने हत्याकांड में फिर से पड़ताल आरंभ करते हुए रात को अनिता चौधरी के घर और ब्यूटी पार्लर पर पहुंच पड़ताल की। पुलिस के साथ परिजन भी थे। जांच अधिकारी एडीसीपी सुनील के. पंवार के साथ सरदारपुरा पुलिस भी रही। बता दें कि गत अक्टूबर में हुई अनिता चौधरी हत्याकांड के बाद कई दिनों तक चले धरना प्रदर्शन और बाद में हुए सरकार और परिजनों के बीच समझौते के बाद हालांकि सीबीआई जांच की मांग तो अभी लंबित है लेकिन पुलिस ने पुन: जांच करनी शुरू की।

### माली समाज का सम्मान समारोह आज

**जालोर**, (कासं)। ज्योतिबा फूले शिक्षा जागृति मंच, माली समाज जालोर की ओर से 5 वां करियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह- 2024 का आयोजन 25 दिसम्बर को प्रात 10 बजे माली समाज छात्रावास वीरम नगर जालोर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में ऋषि ज्ञान आत्मानंद महाराज (भारत माता संस्कार सेवा ट्रस्ट बडगांव), मुकेश सोलंकी सेवानिवृत अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जालोर, कृष्ण कुमार माली ब्लॉक सहकारिता अधिकारी जालोर, राकेश सैनी सहायक अभियंता जलदाय विभाग जालोर, रामेश्वर भाटी थानाधिकारी भीनमाल, विमला परमार, एवं मीनाक्षी परिहार के आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम के भामाशाह धनाराम गहलोत, हबताराम परिहार, मदनलाल सोलंकी, प्रकाश सोलंकी, तेजाराम सोलंकी एवं हरसन सांखला रहेंगे । कार्यक्रम में माली समाज की लगभग तीन सौ प्रतिभाओं एवं सरकारी सेवा में नवचयनित प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन कमेटी द्वारा तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया है

### पदक विजेताओं का गर्ग ने स्वागत किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर विधायक व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग से वुशू के पदक विजेता खिलाडियों ने आशीर्वाद प्राप्त किया। गर्ग का आर्य वीर दल की ओर से माल्या व साफा पहनाकर कर स्वागत किया। उन्होंने पदक विजेता दिव्या सोनी, कुसुम सुथार, नेहा सुथार, रुद्राक्ष,मयंक भादरु व कोच देवेश आर्य का माला व साफा पहनकर स्वागत कर बधाई दी। इस मौके पर गर्ग ने कहा कि नियमित अभ्यास करते रहे। इस अवसर आर्य वीर दल राजस्थान के अधिष्ठाता विनोद आर्य, संरक्षक दलपत सिंह आर्य, जिला वुशू संघ के अध्यक्ष शिवदत्त आर्य, सचिन कन्हैयालाल मिश्रा,पूर्व पार्षद भरत भादरु, समाज सेवी डूंगाराम सुथार उपस्थित थे।

# ई-फाइलों व ई-डाक के त्वरित निस्तारण का प्रशिक्षण दिया



जोधपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया।

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार राजकाज के माध्यक से ई-फाइलों एवं ई-डाक के समयबद्ध एवं त्वरित गति से निस्तारण के संबंध में प्राधिकरण के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मंगलवार को प्रात: 10 बजे प्राधिकरण सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया।

प्राप्त जानाकारी के अनुसार जोधपुर विकास प्राधिकरण सचिव भागीरथ बिश्नोई के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में एनालिस्ट कम प्रोग्रामर नरेश कुमार ने राजकाज पोर्टल पर ई-डाक के निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया।

प्रशिक्षण में अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को राजकाज पर ई-डाक के माध्यम से डाक प्राप्त करने, नोटिंग करने, फॉरवर्ड करने, डाक पर कार्यवाही करने एवं डाक को डिस्पोज करने की सम्पूर्ण ऑनलाईन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

सचिव भागीरथ बिश्नोई ने बताया कि आयुक्त उत्साह चैधरी के निर्देशानुसार अधिकारीगण एवं कार्मिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते हुए ई-डाक संबंधी ऑनलाईन प्रक्रिया में कार्मिकों को आने वाली समस्याओं का निस्तारण किया गया। बिश्नोई ने बताया कि आयुक्त द्वारा अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को राजकाज पर ई-फाईल एवं ई-डाक के प्रकरणों को त्वरित एवं नियत समयावधि में निस्तारित करने एवं ई-फाइलों के एवरेज डिस्पोजल टाईम को कम से कम रखने के निर्देश भी प्रदान किए गए हैं।

# धोरीमन्ना में यातायात अव्यवस्थित, लोग परेशान

**धोरीमन्ना**, (कासं)। बाडमेर जिले के सुशासन सप्ताह के तहत धोरीमन्ना पंचायत समिति स्तर पर शिविर आयोजित हुआ।

मंगलवार प्रात 10 बजे से धोरीमना ब्लॉक के शिविर पंचायत समिति सभागार में आयोजित हुआ। जिसमें ब्लॉक स्तर के समस्त विभागों द्वारा शिविर में अधिकारी गण उपस्थित रहे। मौके पर भी अधिकतम परिवादों का निस्तारण किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी उपखंड अधिकारी केशव कुमार मीणा शिविर के सह प्रभारी विकास अधिकारी हरमन राम बिश्नोई पंचायत समिति धोरीमना नगर पालिका के तमाम प्रकार की समस्याओं को लेकर सुशासन सप्ताह के तहत पंचायत समिति स्तर पर आयोजित शिविर में ज्ञापन सौपा। ज्ञापन सौंप कर ग्रामीणों ने बताया कि नगर पालिका में चारों तरफ गंदगी व रास्ते पर गंदा पानी की समस्याओं तथा जगह-जगह गंदगी के ढेर पडे है। वही पानी निकासी के लिए बनी हुई नालियां कचरे से भरी हुई बन्द पडी है। सफाई की व्यवस्था बिगड़ी हुई है। मैन बाजार, नई बाजार, सांचौर रोड, बाडमेर रोड, गुडामालानी रोड एवं मुख्य चौराहे पर निजी बस व रोडवेज बस ने भी अपना बस स्टैंड बना दिया। ट्रैफिक अव्यवस्था से व्यापारी, वाहन चालक, राहगीर व आमजन परेशान है। पुलिस प्रशासन का ट्रैफिक व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं है। नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि चंदानाराम मेघवाल ने बताया कि मुख्य चौराहे पर मुख्य विद्युत लाइन खेजडी की डालियों से पूरी तरह से घिरी हुई है। किसी भी समय दुर्घटना घट सकती है। खेजडी के पास में गन्दे पानी के गड्ढे भी बने हुए हैं आए दिन छोटे बडे वाहन गिर जाते हैं। इस समस्या को कई बार एसडीएम केशव कुमार मीणा को अवगत करवायाा लेकिन कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस दौरान भाजपा नेता अनिल सेठिया मनीष पुंगलिया भाजपा नेता. लालाराम मेघवाल पार्षद प्रतिनिधि. डॉ सुरेश कुमार सोनी पार्षद प्रतिनिधि. भाजपा कार्यकर्ता नागजी राम गवारिया. समाजसेवी जीवराज सिंह राणासर. कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नाकोड़ा में श्रद्धालु उमड़े



बालोतरा के पास नाकोड़ा तीर्थ पर पोष दशमी को लेकर मेले का आयोजन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा के निकट नाकोडा तीर्थ पर पौष दशमी को लेकर मेले का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को मेले में श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ी।

मेला संयोजक ने बताया गया की आज मेले के प्रथम दिवस तीर्थ पर सैंकडों की संख्या में दर्शनार्थ आये है। दर्शनार्थीयों के लिये तीर्थ ट्रस्टमण्डल द्वारा सम्पूर्ण व्यवस्था की गई है आज प्रातः मुख्य मंदिरजी में श्री पार्श्व भैरव महापूजन का आयोजन हुआ साथ ही रात्रि में श्री विपिन पोरवाल एवं खुशबु कुम्भट द्वारा रात्रि भक्ति में स्वर लहरियां बिखेरी जायेंगी। आचार्य भगवंत राष्ट संत चन्द्रानन सागर सूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा, प्रवचन प्रभावक आचार्य कीर्तिचन्द्र सूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा, पू. आचार्य कीर्तिदर्शनसूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा, भांडवपुर तीर्थोद्वारक पू. आचार्य जयरत्नसूरिश्वरजी म.सा. आदि ठाणा, पू. मुनिराज श्री सुमतिचंदसागरजी म.सा आदि गुरु भगवंतों की पावन निश्रा में अनुष्ठान तीर्थ पर चल रहे है।

इस वर्ष सम्पूर्ण मेला के लाभार्थी परिवार स्व. श्रीमति उगमदेवी सोनाजी प्रागाजी संकलेचा परिवार मरूघरा में मैंगलवा (राजस्थान) शामिल रहे।

इस अवसर पर श्री नाकोडा तीर्थ अध्यक्ष रमेश कुमार मुथा, उपाध्यक्ष लुणकरण बोथरा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चौपडा एवं ट्रस्टीगण कांतिलाल शाह, जगदीशचन्द छाजेड, अशोककुमार भंसाली, कैलाश मेहता, गौतमचन्द सिंघवी, जतनराज कोठारी, मांगीलाल संखलेचा, वगतावरमल पारेख, गणपतलाल बुरड, गौतमचन्द बालड, पुरूषोतमदास सेठिया, प्रकाशचन्द वडेरा, महेन्द्रकुमार बागरेचा, हुलास बाफणा, सुरेश शाह एवं लोग तीर्थ पर उपस्थित थे।

## युवा महोत्सव पर चर्चा की

**पाली**, (नि.सं.)। संभाग स्तरीय युवा महोत्सव 2024 आयोजन के लिये संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय में आयाजित की गई। बैठक में संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह ने इसके आयोजन के लिये आवश्यक निर्देश दिये।

सहायक निदेशक शिक्षा विभाग सोहनलाल भाटी ने बताया कि इस आयोजन में संभाग स्तर से जुडे जिले पाली, जालोर, सिरोही से जिला स्तरीय युवा महोत्सव में प्रथम स्थान पर रहने वाले संभागी इस संभाग स्तरीय युवा महोत्सव 2024 में भाग लेगे। संभाग स्तरीय आयोजन के लिये 27 दिसम्बर को श्रीमती भंवरी बाई घेवरचंद सुराणा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बालराई में एक दिवसीय आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के बिन्दू संख्या-67 सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन राज्य युवा महोत्सव के सफल आयोजन जिला स्तर पर युवा महोत्सव आयोजित किया जाना है। मुख्य उद्देश्य राजस्थान की लुप्त हो रही परम्परागत लोक संस्कृति एवं कला विद्याओं, विज्ञान प्रौद्योगिकी व नवाचार को संरक्षण एवं प्रोत्साहन को बढावा के लिए जिला स्तर पर युवा महोत्सव का विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार थीम पर आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिताएं यथा विज्ञान/ डिजिटल मेला, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, लाईफ स्किल, युवा कृति एवं राजस्थान की लुप्त कला आदि होंगे।

# क्रिसमस आज, गिरजाघर रोशनी से सजाए

**जोधपुर**, (कासं) । दया, प्रेम और करुणा का संदेश देने वाले प्रभु यीशु का जन्म दिवस क्रिसमस बुधवार को मनाया जाएगा। इसको लेकर बाजार सजे हुए है। वहीं चर्च भी आकर्षक रोशनी से सज चुके है। क्रिसमस उपलक्ष्य में आज सभी गिरिजाघरों में कैंडल नाइट सर्विस का आयोजन किया जाएगा।

क्रिसमस को लेकर मसीह समाज में उत्साह देखा जा रहा है। बड़े दिन के रूप में मनाए जाने वाले क्रिसमस के उपलक्ष शहर के सभी प्रमुख गिरजाघरों में आकर्षक रोशनी की गई है।

रंग रोगन के बाद सजावट का कार्य भी हो चुका है। मसीह समाज के घर-घर जाकर कैरोल सॉन्ग के साथ ही सभी चर्च में साज सजावट की गई है। क्रिसमस पर विशेषतौर से घरों को अच्छी तरह से डेकोरेट किया जाता है। इस वजह से विभिन्न तरह के डेकोरेटिव आइटम्स व गिफ्ट की डिमांड दिखाई दी है। क्रिसमस के लिए स्ट्रीप्स वॉल, सांता क्लाज, हैगिंग्स, स्टार्स, स्पार्कल बॉल्स, लाइटिंग क्रिसमस ट्री आदि डेकोरेटिव आइटमों की भरमार दुकानों में नजर आ रही हैं। तारघर के पीछे सरवेल मेमोरियल चर्च, सेन्ट्रल मेथोडिस्ट चर्च, जेडीए सर्किल के पास सेंट थेरेसा चर्च आदि में आकर्षक रोशनी की।

स्कूल-कॉलेजों में आज क्रिसमस पर्व धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों को प्रभु यीशु व क्रिसमस के बारें में जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों के लिए कई तरह की प्रतियोगिताएं रखी गई। कई स्कूलों में केक काटा गया एवं प्रभु यीशु के जन्म पर आधारित नाटिका का मंचन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चे सांता (सेंटा) क्लॉज बनकर आए, जिन्होंने क्रिसमस ट्री बनाया। बच्चों ने जिंगल बेल पर नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यालय में फेन्सी ड्रेस प्रतियोगिता रखी गई। जिसमें कई छात्रो ने बढ-चढ कर भाग लिया।

## कंबल बांटे

**जालोर**, (कासं)। जालोर में सर्दी बढने से राजकीय चिकित्सालय के महिला वार्ड में मरीजो को आनंद मंगल ग्रुप सेठ भेरूलाल खाटेड परिवार की ओर से प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम टांक, उप नियंत्रक डॉ.कमलेश मीणा , जीएच के नर्सिंग अधीक्षक विशनाराम गर्ग एवं एमसीएच के नर्सिंग अधीक्षक पुष्पेंद्र भारती की उपस्थिति में मरीजों को कंबल वितरण किया गया।

कार्यक्रम संयोजक सीनियर नर्सिंग आफिसर शहजाद खान ने बताया कि आनंद मंगल ग्रुप हमेशा मानव सेवा एवं जन सेवा के कार्य में हमेशा अग्रणी रहता है । हमें हमेशा मानव सेवा में आगे रहना चाहिए । सर्दी के मौसम में बढ रही ठिठुरन को देखते हुए चिकित्सालय जालौर के महिला वार्ड में भर्ती मरीजो को ऊनी कम्बल का वितरण किया गया। कम्बल का वितरण भामाशाह द्वारा शहजाद खान की प्रेरणा से किया गया। ऊनी कम्बल से मरीजों को सर्दी से राहत मिलेगी। पीएमओ ने आनन्द मंगल ग्रुप द्वारा कम्बल वितरण पर आभार जताया।

इस अवसर पर छगनलाल गर्ग, जयश्री पंवार, रमेश कुमार राणा, सुनीता बिश्नोई, निकिता कंवर, ममता गर्ग, विकास कुमार, नवीन कुमार , नीतू आदि मौजूद थे।

## शिविर आयोजित

**बालोतरा**, (निसं)। जिला मुख्यालय पर जिला रसद अधिकारी कार्यालय में उपभोक्ताओं के मामलों से जुडे हुए विभिन्न विभाग मश: रसद, बाट-माप विधिक विज्ञान, जलदाय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, महिला एवं बाल विकास, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, दुग्ध डेयरी, गैस एजेन्सी एवं पैट्रोल पम्प के अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा स्टॉल लगाकर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोतरा द्वारा इस अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सिद्धार्थ दीप द्वारा की गयी।

# फोटोग्राफर एसोसिएशन की पत्रिका का विमोचन



जालोर में छह जिले के फोटोग्राफरों के सम्मान समारोह को लेकर विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के आतिथ्य में आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर में छह जिले के फोटोग्राफर सम्मान समारोह को लेकर मंगलवार को राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के हाथो आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया।

आयोजक कमेटी के मीडिया प्रभारी हुकमीचन्द सोलंकी ने बताया कि रविवार 29 दिसम्बर को जालोर शहर के सूर्या गार्डन में सुबह दस बजे छह जिलों जालोर, जोधपुर, पाली, सिरोही, सांचौर, बालोतरा का सम्मान समारोह आयोजित होगा।

जालोर सिरोही सांसद लुंबारामजी चौधरी, राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग , आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, पुखराज पराशर पूर्व अध्यक्ष जनअभाव निराकरण समिति, रानीवाडा विधायक रतन देवासी, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, भीनमाल विधायक समरजीतसिंह , जालोर जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ,डाक्यूमेंट्री फोटोग्राफर पुरुषोत्तम दिवाकर सम्मान समारोह में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य फोटोग्राफर समुदाय को एक मंच प्रदान करना और उनके कार्यों को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना है। पत्रिका के विमोचन से एसोसिएशन अपने सदस्यों के बीच संवाद और सहयोग को बढावा देने के लिए कार्य करेगा। यह विमोचन समारोह फोटोग्राफी के महत्व और कला के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है वही एसोशिएशन के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान समारोह की पत्रिका द्वारा अतिथियों को निमंत्रण देकर आयोजन में आने का अनुरोध किया। यह कार्यक्रम न केवल फोटोग्राफी से जुडे पेशेवरों और शौकिया कलाकारों को प्रोत्साहन देगा, बल्कि उनके बीच नेटवर्किंग और अनुभव साझा करने का भी एक मंच प्रदान करेगा। इस आयोजन की मुख्य विशेषताएं हो सकती है।

सम्मान समारोह में 60 साल से ऊपर उत्कृष्ट फोटोग्राफरों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

संरक्षक शिवकुमार सेनी, एम इशाक, मंगलपरमार, अध्यक्ष राजेंद्र सोलंकी, उपाध्यक्ष, उजीर सिलावट, कोषाध्यक्ष बंसीलालराव , सचिव मुकुंद सोलंकी, पूर्व अध्यक्ष जालम गुर्जर, गोविंदराव , रवि सोलंकी, अल्ताफ हुसैन सहित कई जने मौजूद थे।

## कृष्णानन्द की मूर्ति का अनावरण

**जोधपुर**, (कासं) । स्वामी कृष्णानन्द (प्रोफेसर जेके व्यास) के जन्म शताब्दी पर सिटिजन्स सोसायटी फॉर एज्यूकेशन व जयनारायण व्यास शिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में महिला पीजी महाविद्यालय में स्वामी कृष्णानन्द की मूर्ति का अनावरण बिजोलाई बालाजी आश्रम के गादीपति महामण्डलेश्वर सोमेश्वर गिरी महाराज ने मंगलवार को किया। सिटिजन्स सोसायटी के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक किशन गोपाल जोशी ने बताया कि समारोह में संसदीय कार्य एवं विधि मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, शहर विधायक अतुल भंसाली, सूरसार विधायक देवेन्द्र जोशी, शेरगढ़ विधायक बाबूसिंह राठौड़, ओसियां विधायक भैराराम सियोल के आतिथ्य में अनावरण किया गया।

# साहित्य संगम की काव्य गोष्ठी आयोजित

**जोधपुर**, (कासं) । सूर्यनगरी की सबसे पुरानी साहित्यिक संस्था 'साहित्य संगम' की ओर से सोमवार को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में स्थित सेठ श्री रघुनाथदास परिहार धर्मशाला के सभागार में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में शहर के प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से समय के साथ बदलते हालातों एवं इंसानी चरित्र का यथार्थ शब्दांकन किया।

गोष्ठी में नामवर शाइर हबीब कैफी ने नेत्रदान के प्रति आमजन में अलख जगाती गजल 'कीजिए आंखें वसीयत जिन्दगी रहते हुए, बाद मरने के किसी की रोशनी बन जाइए', प्रसिद्ध गीतकार दिनेश सिंदल ने महिलाओं के वैचारिक मनोविज्ञान व इच्छा शक्ति को परिभाषित करती कविता 'स्त्रियां नहीं चाहेंगी जीतना, वे हारेंगी और जीत जाएंगी', कवयित्री पद्मजा शर्मा ने जुगनू के व्यक्तित्व की खूबी को रेखांकित करती कविता 'एक जुगनू रोज मेरे घर में टिमटिमाता है, मगर वो रोशनी बहुत लाता है' तथा ख्यातिप्राप्त साहित्यकार मीठेश निर्मोही ने 'हरिप्रिया' एवं 'अवसाद से मुक्त हो जाएं कविगण' कविता प्रस्तुत कर खूब दाद बटोरी।

इसी तरह सच्चे व सात्विक प्यार की ताकत का विश्लेषण करते डॉ. सूरज माहेश्वरी ने सस्वर गजल 'आपकी ओर से जो पहल हो गई, जिन्दगी में रद्दो बदल हो गई, फूल तुमने जो दिया प्यार से, प्यार की खूबसूरत चहल हो गई', सैयद मुनव्वर अली ने इंसान की इच्छा शक्ति को ललकारते हुए गजल 'कोशिश करें इंसां तो क्या हो नहीं सकता, मुट्ठी में बन्द कभी मुकद्दर नहीं होता', नवीन पंछी ने 'कुछ रिश्तों के हिस्से में लोग आए, कुछ लोगों के हिस्से में रिसते रिश्ते आए', प्रमोद वैष्णव ने 'रफ कॉपी सी बना दी मैंने अपनी जिन्दगी', रमेश भाटी ने 'तुम भी चुप्प, मैं भी चुप्प, क्या उन रिश्तों में अब भी शेष कुछ जीने को', राजेन्द्र खींवसरा ने 'चुप्पी को तू ओढ ले, न होगा नुकसान' के अलावा अशफाक अहमद फौजदार एवं रजा मोहम्मद खान ने काव्य रचनाओं में जीवन अनुभवों को अभिव्यक्त किया।

# आत्महत्या के मामले में आरोपी आर्मी जवान पति गिरफ्तार

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट की एयरपोर्ट थाना पुलिस ने एक महिला के आत्महत्या करने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी आर्मी का जवान है। उस पर पत्नी के साथ मारपीट कर उसे मारकर आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे पर लटकाने का आरोप है।

गौरतलब है कि गत 29 अक्टूबर को ग्राम रनेही पुलिस थाना कोठी जिला सतना मध्य प्रदेश निवासी कपिल मुनि त्रिपाठी ने अपने पुत्र के साथ थाने में उपस्थित होकर रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि उनकी बेटी रागिनी की शादी छह फरवरी 2024 को ग्राम सगरा पोस्ट बदराव सिरमौर जिला रीवा मध्य प्रदेश निवासी कृष्ण कुमार शुक्ला उर्फ राहुल के साथ की थी।

उनका दामाद कृष्ण कुमार शुक्ला आर्मी की नौकरी करता है जिसकी जोधपुर में ड्यूटी थी। उनकी बेटी रागिनी अप्रैल में कृष्ण कुमार और उसकी बहन के साथ जोधपुर आई थी तभी से कृष्ण कुमार शुक्ला संतोष शुक्ला दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। उससे चार पहिया वाहन और पांच लाख रुपए नगद मांगे। नहीं देने पर जान से मारने की धमकियां भी दी। गत 11 अक्टूबर को उन्हें पुलिस ने फोन कर बताया कि आपकी बेटी ने फांसी लगा दी है। इस पर उन्होंने एयरपोर्ट थाने में अपने दामाद के खिलाफ बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने और उसे जान से करने के आरोपों को लेकर मामला दर्ज करवाया गया था। पुलिस ने अब इस मामले में कार्रवाई करते हुए महिला के पति कृष्ण कुमार शुक्ला को गिरफ्तार किया है।

# चतुर्वेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

**पाली**, (नि.सं.)। जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के प्रदेश कार्यकारिणी के चुनाव सर्वसम्मति से हुए जिसमे पाली के ओम चतुर्वेदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने गए।

पाली जिले से हीं सुरेश रावल व रामेश्वर चौहान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चुने गए।

# कार्य समय पर नहीं करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करें : लुम्बाराम चौधरी

- सांसद लुम्बाराम चौधरी ने जालोर के कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता की
- पहली बार दिशा की बैठक में भाग लेने पहुंचे चौधरी ने कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर नाराजगी जताई

**जालोर**, (कासं)। जालोर - सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने कर्तव्य व दायित्वों का निर्वहन करते हुए केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को नियत समय में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजना के प्रति जलदाय विभाग के ठेकेदारो की लापरवाही बरती जा रही है, जिससे इस योजना को पूरी होने में देरी हो रही है यदि इस योजना के प्रति कोई लापरवाही बरते तो उस ठेकेदार को तुरंत प्रभाव से ब्लैक लिस्टेड कर दें। यह बात सांसद लुम्बाराम चौधरी मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में दिशा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबोधित कर रहे थे।

सांसद लुम्बाराम चौधरी मंगलवार को पहली बार दिशा की बैठक में भाग लेने पहुंचे, लेकिन इस बार अधिकारियों द्वारा कार्य समय पर पूर्ण नहीं करने पर काफी नाराजगी प्रकट की। वही अधिकारी भी सांसद के प्रश्नो का सही सही जवाब नही दे पाये। उन्होंने जिले में वोल्टेज के कारण ट्रांसफॉर्मर जलने की समस्या पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश देते हुए कहा कि वे वोल्टेज की समस्या का समाधान करने के साथ ही निर्धारित समयसीमा में कृषकों को विद्युत ट्रांसफॉर्मर की उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में कृषि कनेक्शन के लिए लंबित प्राथमिकता सूची को संबंधित सहायक अभियंता कार्यालय में चस्पा की जावें जिससे कृषकों को अपने नंबर के बारे में जानकारी मिल सकें। उन्होंने कोरा ग्राम में लगी विद्युत वायर बार-बार जलने की शिकायत पर विद्युत विभाग को इसकी रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को नर्मदा परियोजना के विभिन्न प्रोजक्ट्स सहित जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कार्यवाही करने के साथ ही उन्हें ब्लैकलिस्ट किये जाने की बात कही। उन्होंने जिले में चल रहे जीएलआर निर्माण व पाईपलाईन लगवाने आदि अपूर्ण कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए निर्धारित समयसीमा में संबंधित ग्रामों में नर्मदा के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात कही। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने जिले में अतिवृष्टि के कारण टूटी सड़कों एवं टोल सड़कों की मरम्मत व पीएईजीवाई के तहत कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि सड़क निर्माण के कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। उन्होंने भीनमाल रोड़ पर बन रहे पुलिस निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को समस्या से शीघ्र निजात मिल सकें। उन्होंने जिला मुख्यालय पर स्थित सुन्देलाव तालाब में गंदे पानी की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक सुधार करने की बात कही। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में चिकित्सा केन्द्रों में चिकित्सकों व कर्मियों की नियमित उपस्थिति एवं आवश्यक सुविधाओं की जांच के लिए उच्च अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों की जांच कर मॉनिटरिंग की जावें ताकि लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएँ मुहैया हो सकें। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों के लिए प्रस्ताव भिजवाने के निर्देश देते हुए मेडिकल कॉलेज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के तहत कैटल शेड, मेडबंदी, ग्रेवल सड़क, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व व्यक्तिगत शौचालय आदि कार्यों की प्रगति देखते हुए आवश्यक निर्देश दिए। सांसद ने जिले में कक्षा 10 से 12वीं तक की कक्षाओं के लिए विद्यालयों में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने की बात कहते हुए स्कूलों व खेल मैदानों के ऊपर से गुजर रहे विद्युत लाईनों को हटवाने तथा प्रत्येक स्कूल में पेयजल व विद्युत कनेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कंपनियों द्वारा निर्धारित समयसीमा में सर्वे करवाकर कृषकों को उचित मुआवजा प्रदान करने के लिए पाबंद करने की बात कही। उन्होंने तारबंदी व पीएम कुसुम योजना की प्रगति की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिले में एमएसपी दरों पर फसलों की खरीद के लिए खरीद केन्द्रों व गोदाम के बारे में जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि कृषकों से निर्धारित समय में उनकी फसलों की खरीद सुनिश्चित की जावें।

संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना व लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत लाभार्थियों को किए जा रहे भुगतान की प्रगति के साथ ही जिले में 108 व 104 एंबुलेंस वाहनों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृति व निर्माण, सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि, व्यक्तिगत शौचालय, पिंक टॉयलेट इत्यादि की प्रगति के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश

बैठक में राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जिले में अवैध जल कनेक्शनों के विरूद्ध अभियान चलाकर उन्हें हटाने जाने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही कार्यवाही कर ग्रामों में पानी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने 31 जनवरी, 2025 तक जिले में अवैध कनेक्शनों के विरूद्ध सर्वे कर उन्हें हटाये जाने की कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने पीएमईजीवाई के तहत सड़कों के निर्माण तथा एनएच-325 के अंतर्गत आहोर-सांकरणा के मध्य सड़क निर्माण को लेकर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने गारंटी पीरियड में टूटी सड़कों की मरम्मत के लिए संबंधित ठेकेदारों को पाबंद करने की बात कही। उन्होंने सायला-बागोड़ा सड़क पर पटरियों का कार्य पूर्ण करने व मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने जिले में उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं के सामान्य प्रसव करवाने के दिए। उन्होंने सुन्देलाव तालाब पर अमृत 2.0 के तहत घाटों का विकास व लेजर शो के लिए प्रस्ताव भिजवाने की बात कही। उन्होंने सुन्देलाव तालाब में बरसात के मौसम में पानी की आवक, सीवरेज के पानी के आवक की स्थायी रोकथाम एवं ओवरफ्लो पानी की समुचित प्रबंधन कर निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवसृजित सायला नगरपालिका के नियमों, प्रबंधन व कार्यप्रणाली को लेकर प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को अवगत करवाने की बात कही। बैठक में आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने भी सम्बोधित किया । बैठक में जिला प्रमुख राजेश कुमार, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित ने विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत करवाते हुए उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने जिले में विकास कार्यों की प्रगति व बजट घोषणाओं की क्रियान्विति के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सांसद लुम्बाराम चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा क्रियाकलापों, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान व उनका अध्ययन, ब्लैक स्पॉट की पहचान व सुधार से संबंधित कार्य, सड़क सुरक्षा मानकों का कार्यान्वयन, सड़क सुरक्षा कार्य योजना तैयार करने, यातायात को सुचारू बनाने के उपायों, सड़क सुरक्षा अभियान सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक में बिठुडा मोड को ब्लैक स्पॉट की श्रेणी में चिन्हित करने, आहोर से जालोर तक हो रही दुर्घटनाओं की अधिकता को देखते हुए कारणों की पहचान कर आवश्यक सुधार करने, कानीवाड़ा मोड़ पर स्पीड ब्रेकर लगाने, दुर्घटना क्षेत्रों में विशेष प्रबंधन सुनिश्चित करने, गुड सेमेरिटन से संबंधित योजना का का प्रचार-प्रसार किये जाने, जालोर से रोहिट तक सड़क की स्थिति में सुधार करने, प्रवर्तन इत्यादि की कार्यवाही का प्रचार-प्रसार करने, हेलमेट व इंश्योरेंस के लिए मीडिया, सोशल मीडिया सहित विभिन माध्यमों से आमजन व विद्यार्थियों को जागरूक करने, ट्रेफिक पार्क में स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों के शिविर लगाने, ड्राईविंग लाईसेंस देने में नियमों की पालना करने, वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने व ओवरलोड वाहनों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा, डिस्कॉम एसई पी.एस.राठौड़, पीएचईडी एसई आर.एस.मीना, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश सिंघारिया, सीएमएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, जिला परिवहन अधिकारी जालोर छगनलाल मालवीय दिशा समिति के सदस्य खेमराज देसाई व हुकमसिंह सहित कई जने मौजूद रहे।

## ज्ञापन दिया

**बाप**, (निसं)। बाप नगर पालिका को निरस्त कर पुनः ग्राम पंचायत बनाने की मांग जोर पकडने लगी है। नगर पालिका यथावत रखने व इसे निरस्त करने की मांग को लेकर कस्बा दो धडो में बंटा हुआ है। मंगलवार को फलोदी पहुंचे बाप के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंप नगरपालिका बाप को निरस्त कर पुनः ग्राम पंचायत बाप बनाने की मांग की।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में समस्याओ को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका बाप को निरस्त करवाकर पुन : ग्राम पंचायत बनवाने की मांग की। पूर्व सरपंच किशनलाल पालीवाल, आसुलाल सुथार, एससी मोर्चा जिला कार्यकारिणी सदस्य खुशालराम मेघवाल, गोवर्धन माली सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जोधपुरा में कोहरा छाया, सर्द हवा से धूजणी छूटी

**जोधपुर**, (कासं) । मारवाड़ में मौसम पूरी तरह बदल गया है। यहां सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। जोधपुर शहर में मंगलवार को सुबह कोहरा नजर आया। दोपहर तक कोहरा छाया रहा। सुबह से ही सर्द हवाओं ने धूजणी छुड़ा दी। शहर में अब मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

जोधपुर शहर के परकोटा और आसपास का क्षेत्र मंगलवार सुबह धुंध की चादर ओढ़े नजर आया। कड़ाके की ठंड की वजह से आम जनजीवन भी खासा प्रभावित हुआ। सुबह का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं रात के समय तापमान 10 से 12 डिग्री के बीच रहा है। तेज ठंड की वजह से लोग सर्दी से बचने के लिए तरह-तरह के जतन करते नजर आए। कई जगहों पर कोहरे के कारण वाहन चालकों को भी परेशानी हुई।

मौसम विभाग की ओर से जोधपुर, जालोर, पाली सहित आसपास के जिलों में 27 दिसंबर को बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान की ओर से घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही 26 दिसंबर से बारिश का दौर भी शुरू होने की संभावना है।

## होटल पर बदमाशों ने हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई

**जोधपुर**, (कासं)। जैसलमेर हाइवे पर मंगलवार की तडक़े तीन बजे बदमाशों ने लोरडी देजगरा गांव से पहले एक होटल पर चाय पिलाने की बात को लेकर विवाद किया। विवाद बढऩे के बाद साथियों को बुलाया और फायरिंग करवा दी, हालांकि इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। दस बारह राउण्ड फायरिंग हुई है। मौके पर सात आठ खाली खोखें मिले है। बदमाश भागते समय अपनी एक कार को मौके पर छोड गए। होटल संचालक की तरफ से केस दर्ज करवाया गया है।

झंवर थानाधिकारी मूलाराम चौधरी ने बताया कि जैसलमेर रोड लोरडी देजगरा से पहले एक होटल महादेव है। इसका संचालन जाट जाति का व्यक्ति करता है। मंगलवार की तडक़े तीन बजे के आस पास दो ब्रेजा कार में तीन युवक वहां पहुंचे थे। उन्होंने शोर मचाने के साथ होटल पर सो रहे व्यक्ति को चाय के लिए उठाया, तब उनके बीच में तकरार हो गई। विवाद बढऩे के बाद युवक हाईवे पर वापिस लौटे और अपने 5-7 अन्य साथियों को कॉल कर बुलाया। उनके साथी फोरच्यूनर कार लेकर पहुंचे और होटल पर विवाद करने के साथ फायरिंग करनी शुरू कर दी। थानाधिकारी मूलाराम चौधरी के अनुसार कोई हताहत नहीं हुआ है, दस बारह राउण्ड फायरिंग की गई है। मौकास्थल पर कारतूस के सात आठ खाली खोखें मिले है। बदमाश अपनी एक कार ब्रेजा कार को मौके पर छोडक़र भाग गए, जिसे पुलिस ने जब्त कर थाने में रखवाया है।

एसीपी बोरानाडा आनंदसिंह राजपुरोहित के अनुसार बदमाशों की पहचान के प्रयास किए जा रहे है। बदमाश आस पास के ग्रामीण इलाकों के रहने वाले हो सकते है। जिले भर में नाकाबंदी करवाई गई है।

## शिविर में 186 जनों की जांच

**जालोर**, (कासं)। भारत विकास परिषद् शाखा जालोर एवं वरिष्ठ नागरिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में घुटनों एवं जोड रोगों की जांच व उपचार के लिए मंगलवार को जालोर शहर स्थित सीनियर सिटीजन पार्क भवन में एक निशुल्क परामर्श चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ भारत विकास परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष (सेवा) पदमाराम चौधरी , शाखा अध्यक्ष राजेंद्र भूतडा, वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष ऋषिकुमार दवे, जालोर नागरिक सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष ललितकुमार दवे,आरसीसी अध्यक्ष नारायणलाल भट्ट की उपस्थिति में किया गया। शिविर में अहमदाबाद से आए वरिष्ठ जोड रोग विशेषज्ञ व जोड प्रत्यारोपण सर्जन डॉक्टर प्रियांक गुप्ता, डॉक्टर विशाल भट्ट ,डॉक्टर प्रदीप,डाक्टर प्रदीप तिवारी सहित उनकी टीम ने मरीजों की जांच कर उपचार के लिए आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान शिविर में परिषद व वरिष्ठ नागरिक मंच के पदाधिकारियों ने सेवा देने वाले सभी चिकित्सकों व उनकी टीम का साफा, शाल व परिषद् का अंग वस्त्र पहनाकर कर स्वागत व अभिनंदन किया। डा.प्रियांक गुप्ता ने खचाखच भरे सभागार में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए बताया कि व्यक्ति अपनी स्वस्थ दैनिक जीवन शैली , उचित खान पान व जीवन में सक्रियता के साथ नियमित रूप से व्यायाम व प्रातः भ्रमण करते हुए अपने घुटनों व जोडो को दुरस्त रख सकता है। ताकि उनको भविष्य में सर्जरी की जरूरत ही नहीं पडे। इस शिविर में दूरदराज क्षेत्र से भी परामर्श व उपचार हेतु लोग पहुंचे व दिन भर भारी भीड लगी रही। इस बीच कुल 186 रोगियों की जांच कर उनको लाभान्वित किया गया। भारत विकास परिषद् व वरिष्ठ नागरिक मंच के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने पूरे समय सेवाएं दी।

## ठिठुरन बढ़ी

**बाप**, (निसं)। बाप कस्बे में मंगलवार को दिनभर ठिठुरन बनी रही। सर्द हवाएं कंपकंपी छुडा रही थी। क्षेत्र में सुबह कोहरा छाया रहा। कोहरे की वजह से वाहन चालकों को दिक्कतें हुई।


**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT AJITPURA**
**PANCHAYAT SAMITI, AHORE DIST. JALORE**

No.- 228 Date- 24.12.2024

**-: Notice Inviting Bid:-**

Bid for MLA Head Under rule 181 Work are invited from interested bidders upto 10:00 AM/ PM Date 24-12-2024 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ( https://eproc.rajasthan.gov.in , https://sppp.rajasthan.gov.in.) of the state and notice board of this office .The approximate value of the procurement is Rs .17.00 Lac.

**NIB code : ZJR2425A0537**
**ZJR2425A0538**
**UBN : ZJR2425WSRC01019**
**ZJR2425WSRC01020**

Sarpanch
Gram panchayat , Ajitpura
Panchayat Samiti Aahore ( jalore )

Gram vikash Aadhikari
Gram panchayat , Ajitpura
Panchayat Samiti Aahore ( jalore )



**कार्यालय ग्रांम पंचायत रायपुरिया पंचायत समिति जालोर जिला जालोर**

क्रमांक/बोली/2024/282 दिनांक: 23-12-2024

**ई- बोली सूचना संख्या - 04/2024-25**

ग्रांम पंचायत रायपुरिया पंचायत समिति जालोर में विभिन्न निमार्ण कार्य हेतु संकर्म की ई-बोलियां आंमत्रित की जाती है । ई - बोली दिनांक 24.12.2024 से 30.12.2024 को 06 पी.एम बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत की जानी होगी । प्राप्त ई - बोलियो को दिनांक 31.12.2024, 02.00 पी.एम बजे उपस्थित बोलीदाताओ या उनके प्रतिनिधियो के समक्ष क्रय समिति द्वारा कार्यालय मे खोली जावेगी । बोली से सम्बन्धित विवरण वेबसाइट https://eproc.rajasthan.gov.in अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है ।

**UBIN : ZJR2425WSOB01018**

सरपंच
ग्राम पंचायत रायपुरिया
पं. स. जालोर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रायपुरिया
पं. स. जालोर


## प्रतिभावान छात्राओं को स्कूटी वितरण किया

**जालोर**, (कासं)। कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना सत्र 2023-24 तथा इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार योजना सत्र 2021-22 एवं 2022-23 की स्कूटियों का वितरण कार्यक्रम विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद लुम्बाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला प्रमुख राजेश कुमार, जालोर प्रधान नारायण सिंह राजपुरोहित तथा जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

समारोह में अतिथियों द्वारा जालोर एवं सांचौर की उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत सभी वर्ग की 27, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तहत अनुसूचित जाति की 16, अनुसूचित जनजाति विभाग के तहत 5, माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत सामान्य वर्ग का आर्थिक पिछड़ा वर्ग 5, इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार योजनान्तर्गत सत्र 2021-22 एवं 2022-23 की 9 सहित कुल 62 छात्राओं को मय हेलमेट स्कूटियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने लाभार्थी छात्राओं एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी तथा छात्राओं को कहा कि शिक्षा अर्जन में पुरे मनोयोग से मेहनत कर सरकारी सेवा प्राप्त कर अपने जिले एवं परिवार का नाम राजस्थान में ही नहीं बल्कि देश में रोशन करें। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बालिकाओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में पूर्ण रूप से सहयोग करें। उन्होंने छात्राओं से राष्ट्र निर्माण एवं नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए एक चरित्रवान नागरिक बनने की अपील की।

सांसद लुम्बाराम चौधरी ने छात्राओं से राज्य एवं केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का प्रसार-प्रचार करने एवं इनका भरपूर लाभ उठ्ठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में राज्य एवं केन्द्र सरकार की कई योजनाएं संचालित है जिसका विद्यार्थी फायदा उठ्ठाकर अपने करियर के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता हैं। आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित ने प्रतिभावान छात्राओं से कहा कि वे अपनी प्रतिभा को कायम रखते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति तक शैक्षणिक निरन्तरता बनाए रखें। स्कूटी योजना के जिला नोडल प्रभारी डॉ. वगताराम चौधरी ने स्वागत उदबोधन देते हुए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में संचालित स्कूटी योजना के नियमों एवं पात्रता की जानकारी दी। कार्यवाहक प्राचार्य मोहम्मद इरफान ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रेखा चौधरी, एबीवीपी जिला संयोजक दशरथ गर्ग भी उपस्थित रहें। मंच संचालन मांगीलाल आर्य ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. एम. एल. जांगिड़, डॉ. पीपाराम, डॉ. विक्रम टांक, सुमित दवे, नरेश राजपुरोहित, पुष्पा देवी, मुकेश कुमार, रतन लाल, प्रकाश, शंकर लाल आदि उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने अनेक वस्तुएं भेंट की

**जोधपुर**, (का.सं.)। राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की हमारा प्रयास क्लब और इंटरैएक्टिव क्लब की छात्राओं ने गुरुवार को सेवा कुंज बालिका छात्रावास प्रताप नगर जोधपुर में सामाजिक सरोकार का कार्य किया। प्राचार्या श्रीमती नीरा सिंह ने बताया कि एक्टिविटी डीन इंदिरा शक्तावत व विद्यालय की शिक्षिकाएँ सरिता रतनू , छवि व 25 छात्राऐं इसमें शरीक हुई । उन्होंने बताया कि सेवाकुंज में आरंभ में परिचय सम्मेलन से हुआ।

इंदिग शक्तावत ने बताया कि छात्राओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुए एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया ।उन्होंने बताया कि छात्राओं ने समाज सरोकार के तहत योगदान देते हुए सेवाकुंज छात्रावास की बालिकाओं को खाद्य सामठी ,गर्म कपड़े, सेनेटरी पैड ,जूते और पुस्तकें वितरित कीं । उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करना और उनके प्रति सहयोग की भावना प्रकट करना था। प्राचार्य नीरा सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इन गतिविधियों को सभी का प्रोत्साहन मिला।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** IDFC FIRST Bank
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]**
**कब्जा नोटिस**
**(अचल सम्पत्ति का)**

चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 13.01.2024 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. श्री चेतन अनोप चन्द, 2. श्री अनोप चन्द, 3. श्रीमती प्रेम अनोप चन्द को जारी किया गया था, जिसमें 13.01.2024 को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रुपये 12,73,675.53/- (रूपये बाहर लाल तिहत्तर ह जार छः सौ पिचहत्तर और पैसा तिरेपन मात्र) का भुगतान नोटिस प्राप्ती की तिथी से 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।

चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज दिसम्बर 2024 के 21वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तो के अधीन रुपये 12,73,675.53/- (रूपये बाहर लाल तिहत्तर ह जार छः सौ पिचहत्तर और पैसा तिरेपन मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।

कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।

**अचल सम्पत्तियों का विवरण**

पट्टा नं. 12, मिसल नं. 33/95-96, क्षेत्रफल 958.30 वर्ग फिट, भंवर दरवाजा के बाहर, रेगरान मोहल्ला, ग्राम चंदवाल नगर, तहसील-सोजत, जिला-पाली, पाली, राजस्थान-306306 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-आम रास्ता व दरवाजा, पश्चिम-मद्रावो का जाव, उत्तर-हरी राम पुत्र मंगला राम जी रैगर का मकान, दक्षिण-गोपू राम पुत्र धन्नाराम जी रैगर का मकान

दिनांक- 21.12.2024
स्थान- राजस्थान
ऋण खाता संख्या- 44917000

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)



|| श्री नाकोड़ा पार्श्वनाथाय नमः ||

|| श्री नाकोड़ा भैरवाय नमः ||


श्री नाकोड़ा महातीर्थ की पावन धरा पर
श्री पार्श्वनाथ प्रभु के जन्म कल्याणक दिवस पर

**पौष वद दशमी का मेला**

**24, 25 व 26 दिसम्बर 2024**

उत्तर पारणा (तेला करने वालों का) पौष वद 8, सोमवार 23.12.2024
बड़ी नवकारसी पौष वद 10, बुधवार दि.25.12.2024
भव्य वरघोड़ा एवं रात्रि भक्ति पौष वद 10, बुधवार दि. 25.12.2024
तेला का पारणा पौष वद 12, शुक्रवार दि. 27.12.2024

भक्ति संध्या दिनांक 24.12.2024, मंगलवार
गायक कलाकार : विपिन पोरवाल, बैंगलोर, खुशबु कुम्भट, जोधपुर

भक्ति संध्या दिनांक 25.12.2024, बुधवार
गायक कलाकार : वैभव बागमार, बालोतरा, अनिल सालेचा, मुम्बई, जागृति वडेरा, सेजल डोसी, नाकोड़ाजी

भक्ति संध्या दिनांक 26.12.2024, गुरुवार
गायक कलाकार : महावीर देसाई, सुरत, साहिल जैन, मुम्बई

प्रतिदिन पूजन संगीतकार
श्री किशोरजी सेवक, नाकोड़ा

सम्पूर्ण मेला लाभार्थी परिवार
स्व. श्रीमती उगमदेवी सोनाजी प्रागाजी संकलेचा परिवार, मेंगलवा
शा. पुखराज, सुमेरमल, सरेमल, कान्तिलाल, कपूरचन्द, प्रकाशकुमार, दिनेशकुमार, हीराचन्द, विमलकुमार, राजेन्द्रकुमार, जयन्तिलाल, सुरेशकुमार, संजयकुमार, भरतकुमार, गौतमचन्द, राकेशकुमार, भावेशकुमार, आकाशकुमार, अक्षय, अंकुश, राहुल, रितिक, महिपाल, जितेन्द्र, लोकेश, दर्शन, दिलीप, गणपत, नमन, मयंक, दिशांक, लक्ष, नक्ष, दर्श, रिदांत, निर्वान संकलेचा परिवार, मेंगलवा

आयोजक
**श्री जैन श्वेताम्बर नाकोड़ा पार्श्वनाथ तीर्थ**
मु.पो. मेवानगर - 344025, स्टेशन - बालोतरा, जिला - बालोतरा (राज.),
फोन नं. - 02988-240005, 6375569120, 9024934941

